झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा — एकादश (शीतकालीन) सत्र

संख्या-02 — बुधवार, दिनांक-13 दिसम्बर, 2017 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वा० से 12.39 बजे अप० तक।

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

1.विविध चर्चायें:-

i- सत्तापक्ष के माननीय सदस्य, सर्वश्री बिरंची नारायण, राम कुमार पाहन, अमित कुमार मण्डल एवं अन्य हाथों मे अखबार की प्रतियाँ लेकर अपने स्थान पर खड़े होकर कुछ कहने लगे जो भारी शोरगुल के कारण स्पष्ट सुनाई नही दे रहा था। इधर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के माननीय सदस्य, श्री अमित कुमार, श्री जगरनाथ महतो एवं अन्य सदस्य भी अपने स्थान पर खड़े होकर कुछ कहने लगे जो स्पष्ट सुनाई नहीं दिया। इसपर आसन ने दिनांक-12.12.2017 को सम्पन्न कार्य-मंत्रणा समिति की बैठक मे हुए विचार-विमर्श के सम्बन्ध मे सदन को जानकारी दी जिसमें इस बात पर सहमति बनी थी कि झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमवाली के तहत अंकित प्रावधानों के आलोक मे एजेंडों पर सांगोपांग चर्चायें हो, लेकिन इसपर अंतिम निर्णय नहीं हो सका,

ii- माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने अपने द्वारा दिये गये स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा कराये जाने की माँग की,

iii- माननीय सदस्य, श्री राधा कृष्ण किशोर ने नियम के तहत सदन चले, इसका समर्थन किया लेकिन, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के माननीय सदस्य द्वारा गत दिनों करायी गयी प्रतियोगिता को नारी जाति का अपमान बताया,

iv- माननीय सदस्य, श्री अमित कुमार ने भूमि अधिग्रहण संशोधित विधेयक को वापस लेने हेतु सरकार से माँग की (भारी शोरगुल)।

2.आसन से सूचना:-

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि आज सामान्य दर्शक दीर्घा मे राँची स्थित योगदा सत्संग विद्यालय के छात्र सदन की कार्यवाही को देखने के लिए मौजूद है अतएव माननीय सदस्य शालीनता से अपने विचारों को सदन मे रखें ताकि ये बच्चे एक अच्छा संदेश लेकर यहाँ से जायें।

(भारी शोरगुल)

(कृपया पृष्ठ उल्टें)

3.कार्य-स्थगन प्रस्ताव की सूचना:-

माननीय सदस्य, सर्वश्री अमित कुमार, जगरनाथ महतो, प्रदीप यादव एवं श्री दीपक बिरूवा से प्राप्त विभिन्न विषयों पर कार्य-स्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं को नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किये जाने की सूचना आसन द्वारा सदन को दी गयी।

माननीय नेता प्रतिपक्ष ने आग्रह किया कि ऐसे विषयों पर सदन में चर्चा करायी जाय जिसपर आसन ने असहमति व्यक्त करते हुए सदन को सूचित किया कि चूँकि जो विधेयक सदन से पारित होकर माननीय राज्यपाल द्वारा अनुमोदित हो चुका हो, उसपर सदन में चर्चायें नहीं हो सकती है, लेकिन माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने सरकार से इसपर पुनर्विचार किये जाने हेतु आग्रह किया इसी क्रम में माननीय सदस्य, श्री रामचन्द्र सहिस ने स्व० निर्मल महतो एवं सुनील महतो की हुई हत्याओं की जाँच एन.आई.ए. से कराये जाने की माँग की।

आज के लिए निर्धारित अल्प सूचित एवं तारांकित प्रश्नों के निष्पादन हेतु आसन द्वारा सर्वप्रथम माननीय सदस्य, श्री सुखदेव भगत को पुकारा गया इस बीच झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के प्राय: सभी माननीय सदस्य सदन की वेल में आकर नारेबाजी करने लगे जिससे प्रश्नकाल नहीं लिया जा सका।

आसन द्वारा माननीय सदस्यों के उक्त व्यवहार पर नाराजगी व्यक्त की गयी और सदन को सूचित किया गया कि सदन जोर-जबर्दस्ती से नहीं चलता है, विरोध का अपना एक तरीका होना चाहिए।

इस क्रम में माननीय सदस्य, श्री भानू प्रताप शाही एवं माननीय सदस्य, श्री बादल ने सदन के बाहर धरने पर बैठे माननीय सदस्य, श्री कुणाल षड़ंगी को सदन के अन्दर ले आने हेतु आसन से आग्रह किया। आसन द्वारा माननीय मंत्री, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह एवं श्री भानू प्रताप शाही को निदेश दिया गया कि वे माननीय सदस्य, श्री षड़ंगी को ससम्मान सदन के अन्दर लायें (इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री कुणाल षड़ंगी सदन में आये।)।

इस क्रम में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के अधिकांशत: माननीय सदस्य पुन: सदन की वेल में आकर नारेबाजी करने लगे जिससे अव्यवस्था का माहौलय कायम हो गया जिसे देखते हुए <u>सदन की कार्यवाही 11.35 बजे पूर्वा० से लेकर 12.30 बजे अप० तक</u> के लिए स्थगित कर दी गयी।

स्थगनोपरांत

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के अधिकांशत: माननीय सदस्य अपने-अपने स्थान पर स्लोगनयुक्त पोस्टर लेकर खड़े हो गये जिसे आसन के निदेश से मार्शल द्वारा ले लिया गया।

4.वित्तीय कार्य:-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री सरयू राय द्वारा वित्तीय वर्ष-2017-18 के द्वितीय अनुपूरक व्यय-विवरणी सभा पटल पर रखी गयी। इसपर कटौती का प्रस्ताव आज दिनांक-13.12. 2017 के 4.00 बजे अप० तक दिये जाने हेतु सदन को संसूचित किया गया।

इस अवसर पर पूर्व की भाँति झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के माननीय सदस्य अपनी माँगों को लेकर नारेबाजी करते हुए सदन की वेल में आ गये, अतएव अव्यवस्था के माहौल को देखते हुए सदन की कार्यवाही गुरुवार, दिनांक-14.12.2017 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

राँची,
दिनांक- 13, दिसम्बर, 2017 ई०।

विनय कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव, झारखण्ड विधान सभा।